**पत्रांक–बि0क0च0आ0–प्र0–03/परीक्षा–91/2023**
**बिहार कर्मचारी चयन आयोग,**
**पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14**

## आवश्यक सूचना

ज्ञापांक–715/आ.                                                                 पटना, दिनांक–16.2.2024

आयोग के आवश्यक सूचना ज्ञापांक–231/आ0, दिनांक–15.01.2024 के द्वारा वि0सं0–02/23, द्वितीय इंटर स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन समर्पित करने वाले अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन की त्रुटियों में सुधार एवं आरक्षण/शैक्षणिक/तकनीकी/वांछनीय योग्यता संबंधी तथा अन्य सभी प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति की Scanned Copy (PDF के रूप में) आयोग के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु दिनांक–18.01.2024 से 18.02.2024 तक तिथि निर्धारित की गयी।

कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा गलत प्रमाण–पत्र अपलोड हो जाने के परिप्रेक्ष्य में आयोग कार्यालय में अभ्यावेदन समर्पित करते हुये प्रमाण–पत्र अपलोड करने हेतु पुनः एक अवसर प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है। साथ ही, कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा पासवर्ड भूलने (Forget Passward) की स्थिति में नया पासवर्ड/ओ0टी0पी0 (New Passward/OTP) सिर्फ ई0मेल0 पर भेजे जाने के प्रावधान को ई0मेल0 के अतिरिक्त रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर भेजने का अनुरोध किया गया है।

1. अभ्यर्थियों के अनुरोध एवं व्यापक हित में वि0सं0–02/23, द्वितीय इंटर स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित अभ्यर्थियों का पासवर्ड अभ्यर्थी के रजिस्टर्ड ई0मेल0 के अतिरिक्त रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर भी उपलब्ध करा दिया गया है। अभ्यर्थी उक्त दोनों (ई0मेल0/मोबाईल नं0) में से किसी एक के माध्यम से पासवर्ड भूलने (Forget Passward) की स्थिति में नया पासवर्ड (New Passward/OTP) प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही, प्रमाण–पत्र अपलोड करने का पुनः एक अंतिम अवसर दिया जाता है।

2. अभ्यर्थियों के व्यापक हित को देखते हुए ऑनलाइन आवेदन की त्रुटियों में सुधार एवं प्रमाण–पत्रों को अपलोड करने की अंतिम तिथि 18.02.2024 के स्थान पर 18.03.2024 विस्तारित की जाती है। अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि निर्धारित तिथि तक उक्त दोनों कार्य करना सुनिश्चित करें। इसके बाद समय–सीमा का विस्तार नहीं किया जाएगा।

3. निर्धारित तिथि तक सभी प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति की Scanned Copy (PDF के रूप में) आयोग के वेबसाइट पर अपलोड नहीं करने पर उनका अभ्यर्थित्व प्रभावित होगा।

4. अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन की त्रुटियों में सुधार एवं आरक्षण/शैक्षणिक/तकनीकी/वांछनीय योग्यता संबंधी तथा अन्य सभी प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति की Scanned Copy (PDF के रूप में) आयोग के वेबसाइट पर अपलोड करने के प्रावधान को मूल विज्ञापन का हिस्सा समझा जाय। तदनुसार इसे मूल विज्ञापन की अंतिम कंडिका के रूप में जोड़ा जाता है।

अभ्यर्थी अद्यतन सूचना हेतु आयोग के वेबसाईट https://bssc.bihar.gov.in का सतत् अवलोकन करते रहें।

16.02.2024
सचिव
बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।